लंबी टांगें भीड़ से अलग करती हैं

सभी मनुष्यों में टांगों की लंबाई उनके शरीर के अनुपात के मुताबिक होती है। लेकिन ऐसा माना जाता है कि लंबी टांगें ज़्यादा पसंद की जाती हैं। वैसे तो सामान्यतः लंबे व्यक्ति ज़्यादा आकर्षक माने जाते हैं। मगर पौलैंड के बोगसला पोलोस्की और उनके साथी जानना चाहते थे कि क्या लंबी टांगें हमारे एहसासों को प्रभावित करते हैं।

इसके लिए उन्होंने 218 वॉलंटियरों को इकट्ठा किया जिनकी टांगों की लंबाई पौलेंड के लोगों की टांगों की औसत लंबाई से 5, 10 व 15 प्रतिशत अधिक थी।

दर्शकों से पूछने पर पता चला कि औसत से 5 प्रतिशत ज़्यादा लंबी टांगों वाले व्यक्तियों को दर्शक ज़्यादा पसंद करते हैं। फिर इसके बाद दूसरे नंबर पर सामान्य टांगों वाले और उसके बाद 10 प्रतिशत लंबी टांगों वाले रहे।

पोलोस्की का कहना है कि लंबी टांगें अच्छे स्वास्थ्य की द्योतक होती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि छोटी टांगों वाले व्यक्तियों को हृदय रोग और टाइप-2 मधुमेह बीमारी होने का खतरा ज़्यादा रहता है, चाहे स्त्री हों या पुरुष। साथ ही ट्रायग्लिसराइड का स्तर बढ़ने से ऐथेरोस्क्लेरोसिस, हृदय रोग व स्ट्रोक और इंसुलिन की प्रतिरोधकता बढ़ जाती है, लेकिन ऐसा पुरुषों में अधिक होता है। इस अध्ययन को कुछ सीमित लोगों में ही किया गया क्योंकि अलग-अलग संस्कृतियों में शरीर की कद-काठी अलग-अलग होती है। लेकिन सभी संस्कृतियों में अपेक्षाकृत लंबे लोगों को पसंद किया जाता है। ***(स्रोत फीचर्स)***